# घुटवन घुटवन | by Prasoon Sangharshi

घुटवन घुटवन डोले
श्याम की पायल छम छम बोले

बेनी गुहि भाल नजरोटा
बाबा नन्द को प्यारो ढोटा
हंसती यशोदा मंद मंद
मन पट घूँघट के खोले
श्याम की पायल छम छम बोले
घुटवन घुटवन डोले
श्याम की पायल छम छम बोले

तन पर धुल रजत सी चमके
कटकर धनी नूपुर भी खनके
कुण्डल मकराकृत कानो में
हिलते हौले हौले
श्याम की पायल छम छम बोले
घुटवन घुटवन डोले
श्याम की पायल छम छम बोले

श्याम केश घुंघराले प्यारे
नैना बड़े सुन्दर कजरारे
माथे मोर मुकुट गल माला
मन के हैं अति भोले
श्याम की पायल छम छम बोले
घुटवन घुटवन डोले
श्याम की पायल छम छम बोले

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%98%e0%a5%81%e0%a4%9f%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%98%e0%a5%81%e0%a4%9f%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a8-by-prasoon-sangharshi/